खापा में बुजुर्ग की समस्याओं के समाधान की बैठक

खापा। नगर परिषद खापा शहर में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक खापा शहर के प्रशासक और मुख्याधिकारी धनंजय सरनाईक की अध्यक्षता में 30 जनवरी को हुई।

बैठक में खापा शहर के वयोश्री योजना के तहत कुल 574 आवेदन समाज कल्याण विभाग नागपुर के पास लंबित हैं, जिनके बारे में संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई कर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि खापा शहर के वयोश्री योजना के तहत जिन लाभार्थियों को 3000 रुपए का अनुदान मिला है, वे समाज कल्याण विभाग को सामग्री खरीद के बिल नगर परिषद में जमा कराएं।

इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, उनके लिए विरंगुला केंद्र का कार्य शुरू होने की जानकारी दी गई।

बैठक में निलिमा मून, समाज कल्याण निरीक्षक, नागपुर, सुयोग पडोळे, तालुका समन्वयक, नागपुर, वंदना वानखेडे, समता दूत, सावनेर, पांडुरंग सुपारे, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक समिति खापा, समिति सदस्य एकनाथ पौनिकर, नारायण बारापात्रे, तुकाराम नंदनवार, गंगाधर वासनिक, शांताराम दलाल, शंकरराव गोखे, खेमाजी डेकाटे, बालकदास मानवटकर, नगर परिषद के प्रशासनिक अधिकारी वैभव गोळे, प्रमोद लकडकर, सहा प्रकल्प अधिकारी सुनिल चव्हाण और समुदाय संघटक उपस्थित थे।